करने की तिथि एक अगस्त कर दी थी। जब संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आदेश हुए

# अब 10वीं पास भी बन सकेंगे अकाउंट प्रोफेशनल

**लखनऊ | निज संवाददाता**

अब 10वीं पास छात्र अकाउंट की प्रोफेशनल पढ़ाई कर सकेंगे। अभी तक 12वीं पास छात्र ही इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकते थे। इससे छात्रों को प्रोफेशनल कोर्स करके जल्द से जल्द रोजगार भी मिलेगा। यह बात शनिवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इण्डिया के लखनऊ चैप्टर के कार्यक्रम में दी गई। संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेश के विकास में कॉस्ट एवं मैनेजमेंट एकाउंटेंट्स (सीएमए) अहम भूमिका निभाएगा।

सीएमए की ओर से गोमती नगर के विकास खण्ड स्थित कार्यालय के सभागार में राकेश सिंह ने कहा कि यूपी में सात चैप्टर चल रहे हैं। अभी तक इन चैप्टर में प्रोफेशनल कोर्स के लिए न्यूनतम अर्हता 12वीं थी। अब इसमें 10वीं पास करने के बाद ही सीधे एडमिशन मिल जाएगा। इसके लिए छात्र को सिर्फ पास होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था के सदस्य देश, विदेश में निजी और सरकारी संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। वह रेलवे, ग्राम्य विकास विभाग समेत कई विभागों में बड़े स्तर पर बातचीत कर रहे हैं। जिससे बच्चों को नौकरी मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सीएमए आईटी, इंजीनियरिंग और कम्युनिकेशन पर खासा जोर देगा।